हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 18 दिसंबर 2023

11 कादमा निवासी 106 वर्षीय रामबाई ने प्रतियोगिता ...



12 प्रत्येक जरूरतमंद तक योजनाओं का पहुंचना...



**खबर संक्षेप**

### सैन्य अस्पताल हिसार में करें रिपोर्ट

**भिवानी।** सेना भर्ती कार्यालय, चरखी दादरी द्वारा आयोजित राव तुला राम स्टेडियम, रेवाडी भर्ती रैली 04 दिसंबर से 16 दिसंबर 2023 में भाग लेने वाले जो उम्मीदवार को मेडिकल के दौरान जिसे सैन्य अस्पताल हिसार के लिए रेफर किया गया है, वे अपना मेडिकल रिव्यू के लिए 21 दिसंबर तक सैन्य अस्पताल हिसार में रिपोर्ट करे। सैन्य अस्पताल हिसार में स्किन का आखिरी रिव्यू 21 दिसंबर तक होगा और 22 दिसंबर को बाकी सभी रिव्यू बंद हो जाएंगे।

### शिविर में ऑपरेशन के लिए 20 लोगों का चयन



**चरखी दादरी।** सैनीपुरा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा की गई। मंदिर पुजारी श्याम लाल शास्त्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गीताजंली अस्पताल व आई केयर सेंटर की टीम के डॉ. नरेंद्र शर्मा व डॉ. मधुलिका ने सेवाएं देते हुए 130 मरीजों की आंखों की जांच की और दवाई वितरित की गई। 70 मरीजों को नशुल्क चश्मे प्रदान किए गए तथा 20 लोगों का चयन ऑपरेशन के लिए किया गया।

# 2250 क्यूसेक पानी मांगा, 900 मिला, जुई फीडर करना पड़ा बंद

## सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी के साथ चलाई जा रही है मिताथल फीडर, कम आ रहा पानी

आधी नहर में एक दशक बाद तालू सिवाड़ा लिंक माइनर के अंतिम छोर पर पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

यमुना में पानी कम होने की वजह से सुंदर ग्रुप की नहरों में मांग से आधा पानी मिला है। सिंचाई विभाग ने जिले की नहरों के लिए साढ़े 22 सौ क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग भेजी थी,लेकिन पानी कम होने के चलते सुंदर ग्रुप की नहरों में फिलहाल नौ सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। आधा पानी मिलने की वजह से सिंचाई विभाग ने जुई फीडर को बंद कर दिया है और साढे छह सौ क्यूसेक सुंदर तथा पौने तीन सौ क्यूसेक पानी मिताथल फीडर में छोड़ा है। ताकि खेतों की सिंचाई के साथ.साथ जलघरों तक पानी पहुंचाया जा सके।

सिंचाई विभाग ने जिले की नहरों के लिए 2250 क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग की थी। पर यमुना में पानी होने के चलते पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया है। फिलहाल जिले की नहरों को नौ सौ क्यूसेक पानी मिला है। जिसमें से साढ़े छह सौ क्यूसेक पानी सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी तथा पौने तीन सौ क्यूसेक पानी मिताथल फीडर में छोड़ा गया है। विभाग के अधिकारी लगातार पानी बढाने की मांग भेज रहे है। माना जा रहा है कि अगले एक दो दिनों में पानी बढ़ने की उम्मीद है। उसके बाद ही जुई फीडर में पानी छोड़ा जाएगा।



### पीने के पानी की समस्या से मिलेगा छुटकारा

नहरी पानी की कमी के चलते पिछले कई दिनों से भिवानी शहर व आसपास के इलाकों में पीने के पानी की समस्या बनी हुई थी। हालांकि अभी भिवानी शहर के लोगों को ओर एक दो दिनों तक पानी की समस्या झेलनी पड़ सकती है,लेकिन ग्रामीण व कस्बों में पीने के पानी की समस्या का हल जल्द ही हो जाएगा। यहां यह बताते चले कि भिवानी शहर में पिछले कई दिनों से पीने के पानी की समस्या बनी हुई थी।



### कार्यकारी अभियंता ने किया निरीक्षण

जैसे ही सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी पहुंचने की सूचना मिली तो कार्यकारी अभियंता जेएस मान अपनी टीम के साथ सभी माइनर व नहर पर गश्त के लिए निकले। कार्यकारी अभियंता ने सुंदर नहर के अलावा बवानीखेड़ा माइनर तथा तालू सिंवाड़ा लिंक माइनर का दौरा किया। यहां पर वे किसानों के साथ पैदल ही माइनर के अंतिम छोर(टेल) तक गए और पानी का स्तर जांचा। इस दौरान कार्यकारी अभियंता जितेंद्र मान ने बताया कि माइनर व नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। हर किसान को हिस्से का पानी मिले। फिलहाल तालू सिवाड़ा लिंक माइनर के अंतिम छोर पर पानी पहुंच गया है। कौशिश रहेगी पूरा सप्ताह टेल पर पानी पहुंचे। ताकि किसानों के खेतों की सिंचाई हो सके।

### की जा रही थी राशनिंग

पानी की समस्या के चलते शहर में पानी की राशनिंग की जा रही थी। कई इलाकों में तीसरे दिन तो कई इलाकों में चौथे दिन पानी की सप्लाई दी जा रही थी। अब पानी पहुंचने के बाद पीने के पानी की कोई समस्या नहीं रहेगी।



भिवानी। निरीक्षण के दौरान टेल पर पानी पहुंचने के बाद किसानों के बीच बैठे कार्यकारी अभियंता जेएस मान। फोटो : हरिभूमि

# तालू सिवाड़ा लिंक माइनर के अंतिम छोर पर पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ तालू सिवाड़ा लिंक माइनर में पानी नहीं पहुंच पा रहा था

कई वर्षो बाद तालू सिवाड़ा लिंक माइनर के अंतिम छोर पर पर पानी पहुंचा तो किसानों की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। चूंकि तमाम प्रयासों के बाद तालू सिवाड़ा लिंक माइनर में पानी नहीं पहुंच पा रहा था। इस बार सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता जितेंद्र मान ने माइनर के अंतिम छोर पर पानी पहुंचाने के निर्देश दिए।

खुद भी अधिकारी ने इस माइनर का निरीक्षण किया। आज सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी पहुंचने के बाद दोपहर तक उक्त माइनर के अंतिम छोर (टेल) तक पानी पहुंच गया। तीन बजे के आसपास माइनर के टेल पर करीब दो फुट पानी बह रहा था। माइनर के अंतिम छोर पर पानी तथा कार्यकारी अभियंता के पहुंचने के बाद किसान उत्साहित नजर आए। किसानों ने बताया कि पहली बार इतने बड़ा अधिकारी माइनर के टेल पर पहुंचा है। उनके लिए खुशी की बात है। किसान सुभाष विनोद , संदीप, चंद्र आदि ने बताया कि एक्सईन साहब के प्रयासों से ही टेल पर पानी पहुंचा है। इसके लिए वे कार्यकारी अभियंता जितेंद्र मान के शुक्रगुजार है।

### नालियां हो गई थी खत्म

माइनर के अंतिम छोर पर पानी न पहुंचने की वजह से टेल व उसके आसपास की मोरियों की नालियां पूरी तरह से खत्म हो गई थी। चूंकि पिछले एक दशक टेल पर पानी नहीं पहुंच रहा था। केवल बारिश पर ही किसान आधारित थे। जिसके चलते खेतों की नालियां व ढोल भी खत्म हो चुकी है। जैसे ही माइनर में पानी पहुंचा तो किसानों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। किसान खेतों में कस्सी लेकर पहुंचे और नालियां व ढोल तैयार करने में जुट गए।



भिवानी। जयंती पर प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# सूर्यवंशी महाराजा शूरसैनी की जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ 21 होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित कर महाराजा शूरसैनी के जीवन आदर्शों से करवाया अवगत

नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था रजि.द्वारा रविवार को सूर्यवंशी महाराजा शूरसैनी की जयंती को प्रतिभा सम्मान समारोह के रूप में मनाई गई। इस दौरान स्थानीय ढ़ाणा रोड़ पर स्थित धर्मशाला में प्रतिभावान बच्चें को महात्मा ज्योतिबा फूले, सावित्रीबाई फूल व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान 21 होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस मौके पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था रजि. के संस्थापक सुरेश सैनी ने महाराजा शूरसैनी के जीवन आदर्श से बच्चों को अवगत करवाते हुए कहा कि सूर्यवंशी महाराजा शूरसैनी समाज के प्रर्वतक थे। उनकी वीरता किसी के परिचय की मोहताज नहीं है। अपनी वीरता के बल पर उन्होंने वषारे् तक दिल्ली पर शान किया। उनका जीवन सदा हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सूर्यवंशी महाराजा शूरसैनी समाज के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज व देशहित के लिए कार्य करना चाहिए और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का प्रण लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज समाज के लोग केवल आपसी एकता के अभाव में पिछड़ रहे है। समाज को शिखर पर पहुंचाने कें लिए हमें एकता का परिचय देना होगा। ऐसे में जरूरी है कि युवा समाज से जुड़े कायारे् में बढ़.चढक़र हिस्सा ले तथा सूर्यवंशी महाराजा शूरसैनी के दिखाए मार्ग पर चलें,तभी समाज दिन दोगुनी व रात चौगुनी तरक्की करेगा।


### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राधिका, स्नेहा, रौनक, रमन, साहिल, राहुल, रोहित, रिया, सतीश गोतम, हरीश सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# समाजसेवक थे डांढा : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु रविवार को गांव मुंढाल में पूर्व सैनिक सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करने पहुंचे। यहां उन्होंने अपने संबोधन में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व सोनिया गांधी के साथ पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व चौटाला परिवार पर जमकर कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लिए कल्याणकारी नीतियां बनाई हैं जिनका लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को घर बैठे सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ मिल रहा है। सम्मेलन को संबोधित करने के बाद शाम के वक्त पूर्व मंत्री रोहतक रोड स्थित स्व. चौ. रामकिशन डांढा के आवास पर पहुंचे और दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही पीड़ित परिजनों को ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि चौ. रामकिशन डांढा एक समाजसेवक के साथ-साथ नेक दिल इंसान थे। वे समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक करते थे। साथ में गरीब व पिछड़े तबके के लोगों की मदद के लिए उनके घर के दरवाजे हमेशा खुले रहते थे। पूर्व वित्तमंत्री रविवार को गांव मुंढाल में पूर्व सैनिक सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।



भिवानी। रोहतक रोड स्थित डांढा के आवास पर स्व. चौ. रामकिशन डांढा के निधन पर शोक जताते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो : हरिभूमि

# रग्बी फुटबॉल-सेवनस प्रतियोगिता में सांवड़ ने रावलधी को 3-2 से हराया

■ कल फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे

**चरखी दादरी।** रावलधी बाई पास स्थित शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकेडमी में जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल-सेवनस की 1.2 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें भारत पब्लिक स्कूल के निदेशक राज कुमार ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेल खिलाड़ी के सभी पक्षों का विकास होता है। सफल जीवन जीने के लिए खेल आवश्यक है। दादरी रग्बी के चेयरमैन डॉ. महिप्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि खेल हमे जीवन मे सहयोग एवं सामंजस्य स्थापित करने की कला सिखाता है। राजेश तक्षक कोच व जय भगवान रावलधी ने बताया कि आज बालिका वर्ग में सांवड ने रावलधी की टीम को 3-2 के स्कोर से मात दी। वहीं बालक वर्ग में रावलधी ने चरखी के खिलाड़ियों को 6-4 से मात देते हुए अगले चरण में प्रवेश किया। कल फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इस अवसर पर महिला प्रशिक्षक सुदेश तक्षक, दीक्षा तक्षक, प्रियांशु, अंकित, सुमित कमोद, जयभगवान ठेकेदार, इनेलो जयराम प्रेमी, रविन्द्र तक्षक का आयोजन में सराहनीय योगदान रहा।

# बिजली तार चोरी के शक में गाड़ी का पीछा किया तो की फायरिंग, दो पर मामला दर्ज

**बाढ़ड़ा।** गांव काकड़ौली सरदारा में चोरी के बिजली तार बेचने-खरीदने का मामला सामने आया है। वहीं काकड़ौली सरदारा निवासी ठेकेदार ने तार उतारकर जाने वाली गाड़ी का पीछा करने पर उस पर फायरिंग करने के भी आरोप लगाए है। इस दौरान डायल 112 को कॉल कर घटना की जानकारी दी गई। बाद में बाढ़ड़ा थाना पुलिस व सीआइए चरखी दादरी की टीम कबाड़ी के घर पहुंची जहां बिजली के तार से भरा पिकअप मिला।

पुलिस ने बिजली तार से संबंधित बिल मांगा तो उसके पास नहीं मिला जिस पर पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है और दो नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। काकड़ौली सरदारा निवासी प्रवीन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बिजली विभाग में ठेकेदारों के साथ मिलकर ठेकेदारी का काम करता है। लगभग 6 माह पहले उन्होने मैहड़ा गांव में पीएच व ट्यूबवेल कनेक्शन तथा जगमग योजना का काम ले रखा था। मैहड़ा स्टोर से लगभग 14.15 लाख रूपये के 80 व 50 एमएम के ड्रम व 1.1.5 क्विंटल के बंडल बनाए हुए थे।



बाढड़ा। पुलिस द्वारा कबाड़ी के घर से बरामद किया गया बिजली तारों से भरा पिकअप। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने खंड कार्यकारिणी के चुनाव का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रविवार को जिला संगठन कार्यालय में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक अति महत्वपूर्ण बैठक जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन जिला महासचिव शोभित सांगवान द्वारा किया गया इस बैठक में प्राथमिक शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई व पिछले 3 साल के अपने कार्यकाल का आंकलन किया गया तथा जिला भिवानी के सभी प्राथमिक शिक्षकों का सहयोग के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।

सभी खंड कार्यकारिणियों का तीन वर्षीय कार्यकाल पूरा होने पर सभी खंड कार्यकारिणी का नियमानुसार चुनाव की दिनांक समय व स्थान निश्चित किये गये। जिसके तहत सबसे पहले भिवानी खंड कार्यकारिणी का चुनाव 24 दिसंबर को हुड्डा पार्क भिवानी में दोपहर 11:15 बजे, बवानी खेड़ा खंड कार्यकारिणी का चुनाव पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह बवानी खेड़ा में 26 दिसंबर को 3:15 बजे, तोशाम खंड कार्यकारिणी का चुनाव 27 दिसंबर को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थित विद्यालय में 3:15 बजे, कैरू खंड कार्यकारिणी का चुनाव 28 दिसंबर को बाबा मुंगिपा धर्मशाला कैरू में 3:15 बजे, सिवानी खंड कार्यकारिणी का चुनाव राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला सिवानी में 17 को 3:15 बजे, लोहारू खंड कार्यकारिणी का चुनाव 18 को राजकीय प्राथमिक पाठशाला लोहारू में 3:15 बजे तथा बहल खंड कार्यकारिणी का चुनाव 19 जनवरी को बीईओ कार्यालय बहल स्थित प्राथमिक पाठशाला में 3:15 बजे होगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राज्य मुख्य सलाहकार अजय श्योराण, जिला कानूनी सलाहकार नाहनूराम, जिला उप सचिव जयपाल ढाणी माहू, जिला संगठन सचिव शिवधन यादव, तोशाम खंड प्रधान अनिल सांगवान, बवानी खेड़ा खंड प्रधान संजय ,भिवानी खंड प्रधान राजकुमार रंगा, सिवानी खंड प्रधान सुदेश बाजिया,कैरू खंड सचिव सुमित शर्मा, लोहारू खंठ सचिव बलवान खराडिया, तोशाम खंड सचिव संजीव , भिवानी खंड सहसचिव संजय रोहिल्ला, कैरू खंड उप प्रधान सतीश शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पंचकुला के सेक्टर पांच में लंबे समय से दिया जा रहा धरना

# लंबित मांगों को लेकर कर्मचारियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ वीएलडीए का मूल वेतनमान 44900 रुपये करने और, जोखिम भत्ता लागू करने की मांग की

वीएलडी कर्मियों एवं पशुपालकों की विभिन्न मांगों की अधिसूचना जारी करवाने को लेकर डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा जून से अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पंचकुला के सेक्टर पांच में पिछले 550 दिनों से रोष स्वरूप धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत स्वीकृत मांगों की अधिसूचना जारी नहीं करने से वीएलडीए कर्मियों में सरकार के खिलाफ रोष लगातार बढ़ता जा रहा है जिसके अंतर्गत आंदोलन को और तेज करने के लिए जिला सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंदोलन की प्रमुख मांगों में पशुपालन विभाग के महानिदेशक पद पर आईएएस अधिकारी एवं हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के एम डी व पंचकुला स्थित विभागीय मुख्यालय पर संयुक्त निदेशक प्रशासनिक के पदों पर एचसीएस अधिकारी की नियुक्ति,वीएलडीए का पदनाम बदलकर वैटरनरी लाइवस्टाक एक्सटेंशन आफिसर करनाए खण्ड पशुधन प्रसार अधिकारी के पद को राजपत्रित दर्ज़ देना,डिप्लोमा वैटरनरी कांउसिल का गठन करना, वीएलडीए का मूल वेतन मान 44900 रुपये करना, जोखिम भत्ता लागू करना, वीएलडीए के सेवा नियमों को संशोधित करना,वीएलडी डिप्लोमा कोर्स की अवधि तीन वर्ष करना, वीएलडी डिप्लोमा का नाम बदलकर डीवीएससी एण्ड , एच करना, प्रदेश की सभी गौशालाओं सहित प्रत्येक गांव में राजकीय पशु औषधालय स्थापित करना, वीएलडी, के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती शीघ्र पूरी करना, ओनलाइन ट्रांसफर नीति को एसोसिएशन के सुझाव अनुसार संशोधित कर आवश्यक कार्रवाई करना, 20 वीं पशु गणना का चार साल से लम्बित मानदेय जारी करना, एलटीसी का बजट जारी करनाएपशु अस्पतालों में आवश्यक दवाइयां एवं उपकरण उपलब्ध करवाना, बेसहारा गोवंश की समस्या को नियंत्रित करने के लिए बछड़ी पैदा करने वाले टीके का रेट तीस रुपए करना इत्यादि मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही सरकार ने आंदोलन की प्रमुख मांगों की अधिसूचना जारी नहीं की तो एसो. आंदोलन को और तेज़ करते हुए गांव स्तर तक लेकर जाएगी और सरकार के खिलाफ पोल खोल अभियान चलाने सहित अन्य बड़े अदम उठाए जाएंगे।





## शरद पूर्णिमा पर उमड़ती है भारी भीड़

झज्जर के दूबलधन माजरा-डी में स्थित जटेला धाम में हर वर्ष शरद पूर्णिमा पर आयूर्वेदिक जड़ी बूटियों से तैयार की गई खीर का भंडारा लगाया जाता है। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। वैसे तो यहां हर रोज भंडारा चलता रहा है। लेकिन शरद पूर्णिमा के भंडारे का खास महत्व है। बताया जा रहा है कि यहां नजले, दमे, एलर्जी की बीमारी वाले लगभग एक लाख से अधिक लोग इस आश्रम द्वारा तैयार विशेष जड़ी बूटियों से तैयार खीर खाकर ठीक हो चुके हैं।

# संत कवि स्वामी नितानन्द की तपोभूमि जटेला धाम

*18वीं शताब्दी में स्वामी नितानन्द जी महाराज ने समाज सुधार और भक्ति काव्य की रचना की जो संत सिद्धांत प्रकाश ग्रंथ में भी विद्यमान है, उसकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। नंदलाल से स्वामी नितानन्द बने संतजी भरतपुर रियासत के तहसीलदार और बीरबल के वंशज थे। उनके नाना सिताबराय रेवाड़ी और नीमराणा रियासत के सैन्य प्रशासक थे। उन्होंने अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा से बिगोवा, बास, रानीला, माजरा, दूधवा, वीना गांव के बीच जटेला धाम में कई बर्षों तक तपस्या की।*



गुरु महाराज की गद्दी जहां बैठकर विश्राम करते थे

आस्था | विनोद कौशिक

झज्जर के गांव दूबधन माजरा में साहित्य व अध्यात्म के केंद्र जटेला धाम में संत कवि स्वामी नितानन्द की तपोभूमि पर हर रविवार आस्था का सैलाब उमड़ता है। जटेलाधाम में आज से करीब 220 वर्ष पूर्व उस दिव्य महापुरुष (स्वामी नितानन्द) ने अपनी दिव्य अप्रकृत लीला का विस्तरण कर नर नारियों की हृदयभूमि को प्रेम से आप्लावित किया। स्वामी नितानन्द सन 1799 ई. को हमारे चक्षुओं से ओझल जरूर हो गए, परन्तु उनकी परम चेतना और उनका मार्ग दर्शन उनके शरणागतों को आज भी होता रहता है। आज उनकी लीला भूमि अर्थात उनकी तपोभूमि के द्वार हर जीव मात्र के लिए खुले हैं। 18वीं शताब्दी में स्वामी नितानन्द ने समाज सुधार और भक्ति कायव्य की रचना की जो संत सिद्धांत प्रकाश ग्रंथ में विद्यमान है, उसकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। नंदलाल से स्वामी नितानन्द बने संतजी भरतपुर रियासत के तहसीलदार और बीरबल के वंशज थे। उनके नाना सिताबराय रेवाड़ी और नीमराणा रियासत के सैन्य प्रशासक थे। उन्होंने अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा से बिगोवा, बास, रानीला, माजरा, दूधवा, वीना गांव के बीच जटेला धाम में तपस्या की। जटेला धाम के महंत स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज ने बताया कि दंत कथाओं के मुताबकि स्वामी जी ने यहां करीब 12 साल तक जाल के वृक्ष के नीचे तपस्या की। तपस्या के दौरान उनके निर्मल मन से उनके मुख से जो वाणी निकली वही काव्य शास्त्र बन गया। इनके काव्य को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में भी पढ़ाया जाता है। उस पर रिसर्च की जाती है। बताते हैं कि स्वामी अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा के अनुसार यहां जटेला की पावन धरा में तप करने आए थे।

**तपस्या**

**दंत कथाओं के मुताबकि स्वामी जी ने यहां करीब 12 साल तक तपस्या की थी।**

**रिसर्च**

**स्वामी जी के काव्य को कुरुक्षेत्र विवि व महर्षि दयानंद विवि रोहतक में पढ़ाया जाता है। उस पर रिसर्च की जाती है।**

### यह भी मान्यता

जटेला धाम में यह भी मान्यता है कि यहां नितानन्द जी महाराज ने लोगों के कष्टों का निवारण किया। जब स्वामी जी गांव वालों को प्रवचन देते थे तो यही कहते थे कि जब इस शरीर रूपी काया का इस संसार से त्याग होगा तो मेरे शरीर को यहीं जंगल में इसी पेड़ के नीचे रख देना, ताकि यहां पशु-पक्षी जंगली जानवर अपना पेट भर सकें।



### ये कथा प्रचलित

यहां यह कथा भी प्रचलित है कि जब स्वामी जी का मानव रूपी शरीर पूरा हुआ तो लोगों ने उनके कहे अनुसार उनके शरीर को वहां स्थित एक जाल के पेड़ के नीचे छोड़ दिया। इसके बाद वे वहीं से सहशरीर वैकुंठ धाम को चले गए। बताया जाता है कि उसी स्थान पर कुछ दूरी पर महाराज जी की चरण पादुकाएं और बर्तन मिले। तभी से उस जाल के पेड़ के नीचे महाराज जी की अखंड ज्योत और पाठ करने की परंपरा आरंभ हो गई। वहां यदि सच्चे मन से कोई फरियादी अपनी फरियाद लेकर जाता है तो स्वामी जी की दया से उसकी सभी मन्नतें पूर्ण होती हैं।



जटेला धाम में उमड़ी भीड़।

### होता है बीमारियों का इलाज

यह धाम झज्जर और चरखी दादरी शहर से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर बेरी के पास गांव दूबलधन माजरा-डी में स्थित है। आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने देशी एवं आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों पर शोध किया है और शोध के बाद अनेक जटिल बीमारियों के इलाज भी किया है। महंत राजेंद्र दास कैंसर, किडनी, अस्थमा, दमा, नजला, जुकाम, खांसी, टीबी, जोड़ों का दर्द, पीलिया, टाइफाइड सहित अनेक गंभीर बीमारियों का इलाज देशी जड़ी बूटियों से करते हैं। यहां अब तक लाखों लोग ठीक हो चुके हैं।

### 300 साल पुराना जाल का पेड़

आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि जिस जाल के पेड़ के नीचे बैठकर स्वामी जी महाराज ने तपस्या की थी वह करीब 300 साल पुराना जाल का पेड़ आज भी यहां मौजूद है। इस पेड़ को संरक्षित किया गया है। इसे लोहे पाइपों से सहारा देकर क्षतिग्रस्त होने से बचाया गया है। इस पेड़ पर कई शोध भी हो चुके हैं। इसके अलावा आश्रम में 100 से 150 साल पुराने जाल के और भी पेड़ मौजूद हैं। वहीं बड़ और पीपल के भी बहुत पुराने पेड़ आश्रम में मौजूद हैं।

### हर रविवार को देते हैं दवाइयां

महंत राजेंद्र दास यहां हर रविवार को प्रवचन करते हैं और लोगों को दवाइयां भी देते हैं। यहां नशा छुड़वाने के लिए भी दवाई दी जाती है। हर रविवार को हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इसके अलावा आश्रम में ध्यान शिविर भी लगाया जाता है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। ध्यान शिविर में भाग लेने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। यहां आने वालों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था आश्रम की तरफ से ही की जाती है। ध्यान शिविर हर रविवार को होता है, जबकि साल में एक बार तीन दिन के लिए शिविर लगता है।

### मिलती है मन की शांति

जटेला धाम समाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेता है। आश्रम में पहुंचे लोगों ने कहा कि वह यहां से दवाइयां लेकर जाते हैं, जिससे उन्हें काफी आराम मिला है। यह एक तपोभूमि है। यहां आकर लोगों को इलाज के साथ-साथ मन की शांति प्राप्त होती है।



जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास जी महाराज।

### पर्यावरण के लिए भी कर रहे काम एक लाख त्रिवेणी लगाने का लक्ष्य


महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि उन्होंने प्रदेश में त्रिवेणी महोत्सव का आयोजन किया था। इसके तहत पूरे प्रांत में त्रिवेणी(बड़, नीम व पीपल) लगाने का लक्ष्य रखा है। अब तक दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, झज्जर, रोहतक, फरीदाबाद व पानीपत समेत कई जिलों में करीब 15 हजार त्रिवेणी लगाई जा चुकी हैं। वहीं, अब प्रदेश में पंचवटी (बड़, पीपल, बेल, आवला और अशोक) लगाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

### यह भी कार्यक्रम

जटेला धाम पर साल में एक बार स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाता है। हर साल होली के बाद दुल्हेंडी और भदो शुदिएकम पर आश्रम में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इन मौकों पर यहां देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं। यहां भंडारा देने के लिए भी लंबी लाइन रहती है।

### कई बड़ी हस्तियां कर चुकी आश्रम का दौरा

इस आश्रम में देश की बड़ी हस्तियों का तांता लगा रहता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, एम्स के पूर्व निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया, पूर्व में शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा, शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुज्जर, कृषि मंत्री जेपी दलाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, अयोध्या राम जन्मभूमि आंदोलन के मुख्य नेता रामविलास वेदांती समेत कई बड़े दिग्गजों ने इस आश्रम का दौरा किया है और जटेला धाम द्वारा लोगों को दी जा रही सेवाओं की सराहना भी की है।



जटेला धाम में इसी जाल के वृक्ष के नीचे बैठकर स्वामी नितानन्द जी महाराज ने कई वर्षों तक तपस्या की थी।

---

कविता | सीमा रंगा इन्द्रा



### नासमझ बेटा

मात- पिता की बात मान लो, नही पड़े दुख सहना,
समझा- समझा हार गए क्यों, नहीं मानते कहना,
कहने बैठो गर कुछ इनको, कहे नासमझ हमको,
भूल रहे जीवन से शिक्षा, दूर करे है तमको।

इनकी बातें बड़ी निराली, चकित सभी को करती,
सुने नहीं है बात बड़ों की ,देख इन्हें माँ डरती,
जुबां चलाएं सबके आगे ,करते हैं मनमानी,
घर में अपना रौब जमा कर,करते है नादानी।

दो आखर को पढ़ कर समझे, खुद को बेशक ज्ञानी।
पड़ जाए जो बोझ उठाना, याद करे वो नानी,
फिर मत कहना नहीं समझ थी, हमें नहीं समझाया,
निकल गया जो समय हाथ से, लौट कहो कब आया।

बन जायेगा जीवन तेरा, सुनो ध्यान धर बातें,
तेरे ही सुख खातिर जागे, हैं हम कितनी रातें,
केवल सच ही जीवन नैया पार करेगा तेरी,
इसीलिए बेटा बातों पर, अमल करो बिन देरी

कविता | डॉ. अशोक कुमार वर्मा



### यह पैसा बुरी बीमारी

यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे।
जब तक न हो खत्म मन बावला करे।
क्या नया खरीदूं कैसे इसे उड़ाऊँ।


जितना अधिक रुपया उतना संकट भारी।
दिन में नहीं चैन बन्दा कूदता फिरे।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

वेतन मिले जिस दिन मैं शीघ्र ठिकाने लगाऊ।
जब तक न हो ख़त्म न चैन से बैठ पाऊँ।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

जब तक रहे पास न कुछ और सोच पाऊँ।
जिस जिस की है उधारी मैं शीघ्र चुकाऊँ।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

वेतन जब हो जाए खत्म तब उधारी उठाऊँ।
25 दिन महीने के बड़ी शांति से बिताऊं।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे.....

कविता | गरिमा



### विद्यार्थी और शिक्षक


एक इंसान शिक्षा देने वाला, बच्चों का रखवाला
नारियल जैसा चरित्र,मन गंगा सा पवित्र
असंख्य बच्चे उसकी पहचान, बच्चे ही उसकी जान
जुड़ जाता है दिल, बच्चों से इस तरह
दोस्त, माँ, भाई, बहन का इस तरह
ज्ञान की धारा कुछ ऐसे बहती है
मेरे विद्यार्थी सफल हो, उसकी हर धड़कन कहती है।
जीवन के किसी मोड़ पर, समय ऐसा आता है, फ़ुल जैसे नाजुक बच्चों को छोड़ना पड़ जाता है।
पर दिल का रिश्ता मानो और भी गुड बनता जाता है।
प्यारे सभी बच्चे शिक्षक की जान होते हैं।
उसके दिल की धड़कन और माथे का अभिमान होते हैं।
विद्यार्थी से बच्चे और बच्चों से संसार है।
बस कुछ ऐसा खट्टा-मीठा, सुंदर - शुद्ध
विद्यार्थी-शिक्षक का प्यार है

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

ऐतिहासिक | पुरातत्व विभाग से लेकर केंद्र व राज्य सरकार ने इन ऐतिहासिक इमारतों की ओर नहीं दिया कभी ध्यान

# अरावली पर्वत पर 1300 ई. में बना कोटला किला बदहाल



**ऊंचाई**

**हजारों फुट ऊंचाई पर करवाया किले का निर्माण**

**निगरानी**

**चारों तरफ निगरानी के लिए मचानें बनवाई गई**

**हिफाजत**

**हिफाजत के लिए शाम ढलते ही कर देते थे दरवाजे बंद**

अनदेखी | कासिम खान

मेवात जिले के कोटला गांव में अरावली पर्वत की चोटी पर करीब 1300 ईस्वी में नवाब नाहर खान ने दुश्मनों के छक्के छुड़ाने के लिए हजारों फुट ऊंचाई पर किले का निर्माण कराया। किले के चारों तरफ निगरानी के लिए मचानें बनवाई गई। सुरंग से लेकर घुड़साल और तालाब भी बनवाया गया था। घोड़ों को तिजारा राजस्थान की तरफ से किले तक पहुँचाया जाता था। कोटला गांव के चारों तरफ बड़ी चौड़ी और ऊँची दीवार थी। दुश्मनों से हिफाजत के लिए शाम ढलते ही दो दरवाजे थे, जिन्हें बंद कर दिया जाता था। किले के ठीक समीप से सदियों से पानी झरने बहते हैं। झरने के पानी से महिलाएं कपड़े धोती हैं, साथ ही पशुओं को भी लोग पानी पिलाते हैं। कई सौ फुट ऊंचाई से झरने का पानी गिरता है, जो कुदरत का बेजोड़ नमूना है। इस मुकाम और ऊंचाई पर बने कोटला किले का जायजा लेने के लिए हमारी टीम ने जान जोखिम में डाल कर उबड़ -खाबड़ पहाड़ के रास्ते को पार करते हुए किले तक का सफर तय किया। बताया जाता है की कोटला की राजधानी को तहस-नहस करने के लिए राजाओं हमले, शायद उसी का नतीजा है की अरावली की चोटी पर इस किले का निर्माण नवाब नाहर खान ने किया। नाहर खान वंशज शहीद राजा हसन खान मेवाती थे, जिनके नाम पर आज मेडिकल कालेज का नामकरण सूबे की सरकार कर चुकी है। हसन खान मेवाती ने राणा सांघा और बाबर के बीच जो युद्ध हुआ था, उसमें हसन खान मेवाती ने बाबर का नहीं बल्कि राणा सांघा का साथ दिया था। उस वीर शहीद को आज भी लोग मेवात में याद करते हुए सीना चौड़ा कर लेते हैं।

वतनपरस्ती के साथ-साथ हिन्दू-मुस्लिम भाई चारे को उस समय भी हसन खान मेवाती ने बढ़ाया था। इसके अलावा 1300 ईस्वी में ही फिरोजशाह तुगलक के वंशज ने बड़े विशालकाय पत्थरों से मस्जिद का निर्माण कराया।



### जीर्णोद्धार की जरुरत

इसके निर्माण में गारे-मसाले का कम ही प्रयोग हुआ। इन ऐतिहासिक इमारतों की पुरातत्व विभाग लेकर केंद्र व सूबे सरकार ने कभी ध्यान नहीं दिया। किला बदहाल होता जा रहा है। किले में एक गुफा है, जिसकी गहराई आज तक कोई नहीं माप पाया। लोग बताते हैं कि गुफा फिरोजपुर झिरका में जाकर निकली थी, ऐसा भी तब हुआ जब गाय को ढूढ़ने के लिए लोग गुफा में उतरे थे। दीये के लिए सवा मन सरसों का तेल लेकर गए थे,लेकिन गाय नहीं मिली। वे फिरोजपुर झिरका में जाकर निकले। इसके जीर्णोद्धार की जरुरत है। ताकि आने वाली पीढ़ियां इनके बारे में जान सकें।

---

# नए जमाने के म्यूजिक में लुप्त हो रही सारंगी की धुनें

◆ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में लोगों को करवा रहे संस्कृति से रूबरू ◆ पांचवी पीढ़ी विद्या को बढ़ा रही आगे ◆ सरकार से प्रोत्साहन मिलने की जरूरत

कलाकार | तरुण वधवा

नए जमाने के म्यूजिक में सारंगी की धुनें लगभग लुप्त हो रही हैं। आज की पीढ़ी अपने इस शास्त्रीय संगीत के वाद्य को भूलने लगी है। सारंगी शास्त्रीय संगीत का एक वाद्य यंत्र है। यह एक खोखली लकड़ी के लंबे डिब्बे जैसी होती है, जिस पर चमड़े की परत चढ़ी होती है। इसमें सिर्फ तीन तार होते हैं। इसे एक बो की मदद से बजाया जाता है जिसे गज कहते हैं। पुराने जमाने में घुमक्कड़ जातियां सारंगी बजाया करती थीं। पहले इसे सारिंदा नाम से भी जाना जाता था। कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर पर लगे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में गांव खरल जिला जींद निवासी सारंगी वादक प्रेम चंद अपनी टीम के साथ आए हैं। उनकी टीम में हरिकेश लांबा, सतबीर, कृष्ण कुमार, राजेंद्र, इंद्र व उदयभान शामिल हैं। ये सारंगी वादक सारंगी की तार से निकलने वाली मीठी-मीठी धुनों से महोत्सव में आए पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे हैं। सारंगी वादक प्रेम सिंह बताते है कि यह उनकी पांचवी पीढ़ी है जो इस विद्या को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अब अगली पीढ़ी इस विद्या में आना नहीं चाहती है क्योंकि इससे परिवार का गुजारा नहीं चलता, जिस कारण यह विद्या अब लुप्त होती जा रही है।

प्रेम सिंह का कहना है कि अब साल में 10 से 12 कार्यक्रमों में ही काम मिलता है। इसके अलावा वे साल भर खाली घर पर रहते हैं। इस विद्या से अब घर का खर्च नहीं चलता है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सरकार ऐसी विद्या को बचाने के लिए कलाकारों को प्रोत्साहित करे। उनके लिए गुजारा भत्ता शुरू किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का पालन पोषण करने के साथ-साथ इस विद्या को जिंदा रख सके।





### सारंगी की तान का कोई मोल नहीं

रांझे की सारंगी के निकली तान का कोई मोल नहीं है। वह कहते हैं अगर इसकी कीमत लगाई तो यह बेअसर हो जाएगा। जिस गांव में जाते हैं, उस गांव के लोग खुद ही अपनी इच्छा से उन्हें सामान देते हैं। कोई कपड़े देता है तो कोई अनाज। रांझे से सारंगी से इलाज के संबंध में पूछने पर वह कहते हैं यह तो हमे नहीं पता, क्योंकि हमें यह गीत एवं तान विरासत में मिली है, लेकिन जिस तरह से तनाव में आने पर आदमी जब संगीत सुनता है तो उसका तनाव दूर होता है। अगर मन खुश रहता है तो फिर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे बीमारियां दूर रहती हैं इसी तरह से हम पशुओं के लिए गाते हैं।

### स्कूलों में दी जाए शिक्षा

65 वर्षीय प्रेम सिंह का कहना है कि सारंगी विद्या को जीवित रखने के लिए स्कूलों में इसकी शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी का रुझान इस ओर बढ़े। उन्होंने बताया कि इस विद्या को जीवित रखने के लिए स्कूलों में गुरु-शिष्य परपंरा शुरू की जा सकती है। इसके तहत 6 महीने का कोर्स करने के बाद विद्यार्थियों को वजीफा के तौर पर सर्टिफिकेट व नकद राशि देकर सम्मानित किया जा सकता है। इससे आने वाली पीढ़ी का रुझान अवश्य ही बढ़ेगा।

### ऐसे बढ़ी रुचि

सारंगी विद्या में रुचि बढ़ने बारे प्रेम सिंह बताते हैं कि उनके पिताजी सारंगी बजाते थे तो उनके साथ-साथ जाकर उन्हें भी सारंगी का शौक चढ़ गया। उनके पास कोई पुश्तैनी जमीन या अन्य कोई कार्य नहीं था, इसलिए उन्होंने सारंगी को ही अपना कार्यक्षेत्र चुना।

प्रेम सिंह बताते हैं कि पहले जमाने में लोग सारंगी की लोग कद्र करते थे। सारंगी की धुनों को शांति से सुनते थे, लेकिन आज के युवा सारंगी की धुन को सुनना पसंद नही करते हैं। प्रेम सिंह बताते हैं कि जब वे 10 वर्ष के थे तो उनके पिताजी कहीं गए हुए थे और सारंगी घर पर दीवार के ऊपर टंगी हुई थी। उन्होंने सारंगी को दीवार से उतारकर बजाना शुरू कर दिया। जब उनके पिताजी आए तो उन्होंने देखा कि यह तो अपने आप ही सारंगी बजा रहा है। तब उनके पिताजी ने उनको सारंगी बजाना सिखाया। प्रेम सिंह ने बताया कि सारंगी के साथ गाया जाने वाला भजन भी उनका है, साज और ताल भी उनकी खुद की है। प्रेम सिंह बताते है कि हीर रांझे की आवाज से पशुओं की बीमारी दूर होती है। जिस किसी भी गांव में पशुओं की महामारी फैलती है तो वहां पर जोगी बुलाए जाते है। रांझे जिस भी गांव में जाते हैं वह पशुओं का इलाज रात के अंधेरे में करते हैं। रात में सारंगी की तान छिड़ती है तो रांझे के स्वर गूंजते हैं। जहां तक आवाज जाती है पशु भी एकटक खड़े हो जाते हैं मानो वह इस संगीत को सुन रहे हों। ग्रामीणों का मानना है जहां तक भी यह आवाज जाएगी, कोई भी टोना-टोटका या बीमारी असर नहीं करेगी।

एक बार गांव में डेरा जमाने के बाद यह तब तक गांव में बसेरा करते हैं, जब तक पशु ठीक नहीं हो जाएं। इस दौरान रहने तथा खाने-पीने की व्यवस्था ग्रामीण ही करते हैं। पशुओं के ठीक होते ही यह दूसरे गांव के लिए रवाना हो जाते हैं।

**खबर संक्षेप**

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महोत्सव 11 फरवरी को



**भिवानी।** मिनी बाईपास पर स्थित कार्यालय में ब्रह्मोत्सव के आयोजक कमांडर सुनील शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें सर्वसम्मति से सनातन धर्म की प्रकाष्ठा के लिए ब्रह्मोत्सव के आयोजन की तारीख तथा रूपरेखा तय की गई ब्रह्मोत्सव के आयोजक कमांडर सुनील शर्मा ने बताया कि जैसा आप सब लोगों को ज्ञात है कि 6 अगस्त को ब्रह्मोत्सव प्रस्तावित था।

## सरदार झाड़ू सिंह फौगाट की जयंती पर किया याद

**चरखी दादरी।** सरदार झाड़ू सिंह की जयंती पर वार्षिक महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सरदार झाडू सिंह चौक पर माल्यापर्ण, प्रसाद वितरण सहित अन्य सामाजिक आयोजन किए गए। आयोजन की अध्यक्षता करते हुए लाधान पाना प्रधान सतबीर फौगाट ज्योति प्रज्ज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। इसके उपरांत सरदार झाडू सिंह चौक पर स्थापित मूर्ति को माल्यापर्ण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी।

वक्ताओं ने कहा कि आज भी जहां कहीं दादरी का नाम आता है, वहां सरदार झाडू सिंह का नाम भी साथ लिया जाता है। झाडू सिंह का जन्म लाधान पाना निवासी चौधरी भगवान सिंह के घर हुआ था। वे शुरू से ही मेहनती थे और अपने पिता के कार्योंर् में हाथ बंटाते थे।



## जनता को पानी चाहिए नलके का और विधायक हो हलके का : मान

**चरखी दादरी।** प्रदेश के पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान ने किसान कांग्रेस द्वारा मोड़ी गांव में आयोजित हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक नैना चौटाला और भाजपा पर तंज कते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र के लोगों के को पानी चाहिए नलके का और विधायक हो हलके का। उन्होंने कहा कि आज लोगों के नलों में पानी नहीं मिल रहा। बाहरी लोग प्रलोभलन देकर विधायक तो बन गए मगर जनता को मूलभूत सुविधा तक नसीब नहीं हुई। इसके अलावा किसान को पर्याप्त बिजली सप्लाई, खाद की उपलब्धता, एमएसपी की गारंटी के साथ गैर जरुरी पोर्टल से छुटकारा चाहिए। आम आदमी जी का जंजाल बन चुकी स्कीमों से दुखी है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार जनता को उलझाने व ठगने में माहिर है। उन्होंने ग्रामीणों से कांग्रेस से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे ठगबंधन से मुक्ति मिलेगी। उनके अनुसार साधारण जमात को राहत देने का काम केवल कांग्रेस कर सकती है।



## समारोह में 52 बुजुर्गों को किया सम्मानित

**चरखी दादरी।** पं. चन्दराम शर्मा की नौवीं पुण्यातिथि पर गांव रामलवास में पंडित चन्दराम शर्मा चैरिट्री ट्रस्ट द्वारा बुजुर्ग सम्मान समारोह व निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. गौरव भारद्वाज ने किया तथा एचएलआरडीसी के एमडी सुनील शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलबाग शर्मा ने 52 बुजुर्गों को सम्माति किया।

चिकित्सा शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन धीर, डॉ. हरिओम निगम, डॉ. आकाश गोयल, डॉ. संदीप दंत चिकित्सक व डॉक्टरों ने सैकड़ों ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवाई दी। पं. दिलबाग शर्मा ने कहा कि प्रति वर्ष उनके पिता की पुण्यतिथि पर हर वर्ष कार्यक्रम होता है।

# मांगों को लेकर उप मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और बोर्ड चेयरमैन से जल्द मिलेगा एसो.: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसो. हरियाणा के पदाधिकारियों की हुई मीटिंग' हरियाणा के प्राइवेट स्कूलों की समस्याओं को लेकर प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसो. हरियाणा की रविवार को एक मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता एसो. के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा ने की। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए रामअवतार शर्मा ने बताया कि मीटिंग फैसला लिया गया कि एसो. का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही शिक्षा मंत्री एंड हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन से मिलकर अपनी मांगों को रखेगा, एसो. की मीटिंग में जिन मांगों के बारे में चर्चा हुई उनमें प्रमुख मांगें 134 के तहत प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का बकाया पैसा जल्द से जल्द रिलीज़ करवाने, नौवीं से बाहरवीं कक्षाओं के बच्चों की सरकार से फीस निर्धारित करवाने, बोर्ड द्वारा हर छोटे कार्य के लिए स्कूलों से फीस लिए जाने का विरोध करने, प्राइवेट स्कूल बसों का पैसेंजर टैक्स माफ़ करने, प्रदेश में अवैध रूप से चल रहे प्ले स्कूल और अकेडेमियों के खिलाफ कार्रवाई करने, स्कूलों की सोसाइटी रेन्यु करवाने के लिए पोर्टल खोलने, आदि शामिल हैं।

### अवैध रूप से चल रहे प्ले स्कूल

रामअवतार शर्मा ने कहा कि बिना किसी मान्यता के अवैध रूप से चल रहे प्ले स्कूल और अकेडेमियों के खिलाफ जिला स्तर पर और हरियाणा के शिक्षा मंत्री को मांगपत्र सौंप कर कार्रवाई कि मांग की जाएगी। यदि किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होती है तो एसोसिएशन हाई कोर्ट का रुख करेगी। जहाँ एक तरफ सरकार प्राइवेट स्कूलों पर नए नए नियम थौंप रही है वहीँ इन प्ले स्कूल और अकेडेमियों को किसी परमिशन की जरूरत नहीं। ये बच्चों की ज़िन्दगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और शिक्षा विभाग और सरकार आँख मूँद कर मूक दर्शक बनी हुई है। 134 के तहत प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का बकाया पैसा जल्द से जल्द रिलीज करने कि मांग के बारे में कहा।



**भिवानी।** मांगों को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित। फोटो : हरिभूमि

### पोर्टल खोलने की मांग

रामअवतार शर्मा ने कहा कि जल्द ही शिक्षा मंत्री से मिलकर इस बारे में मांग पत्र सौंपा जायेगा और यदि विभाग का रुख सकारात्मक नहीं हुआ तो एसोसिएशन आंदोलन करने को मजबूर होगी। एसोसिएशन उप मुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला से मिलकर स्कूलों के लिए सोसायटी रिन्यू करवाने के लिए पोर्टल खोलने की मांग रखेगा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कि आलोचना करते हुए रामअवतार शर्मा ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों को तो सरकार नो प्रॉफिट नो लोस्स में चलाने को कहती है वहीँ शिक्षा बोर्ड स्कूलों से पैसा कमाने में लगा हुआ है। बोर्ड छोटे छोटे कार्योंर् के लिए भी प्राइवेट स्कूलों से फीस वसूलता है। चाहे किसी बच्चे का नाम ठीक करवाना हो या जन्मतिथि बोर्ड ने हर कार्य के लिए फीस निर्धारित कर दी है, जबकि प्राइवेट स्कूल बोर्ड को अलग से हर साल एग्जाम फीस और संबद्धता शुल्क देते हैं।

### तीन पीढ़ियो ने शिरकत कर जीते 9 मेडल

# कादमा निवासी 106 वर्षीय रामबाई ने प्रतियोगिता में जीते 3 गोल्ड मेडल



**बाढड़ा।** पदक विजेता 106 वर्षीय रामबाई अपनी बेटी व नातिन के साथ

रामबाई, उनकी बेटी व नातिन ने भी तीन तीन मेडल हासिल किए है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

गांव कादमा निवासी 106 वर्षीय रामबाई ने दिल्ली में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में अपनी तीन पीढ़ियों के साथ शिरकत की है। उन्होंने स्वयं तीन मेडल हासिल किए हैं वहीं झोझू कलां निवासी उनकी बेटी व नातिन ने भी तीन.तीन मेडल हासिल किए है। इस प्रकार रामबाई की तीनों पीढ़ियों ने इस प्रतियोगिता में कुल 9 मेडल हासिल किए हैं। उनकी इस खेल उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

बता दे कि दिल्ली में 15 से 17 दिसंबर तक तीसरे खेलों मास्टर्स नेशनल गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कादमा निवासी 106 वर्षीय रामबाई ने झोझू कलां निवासी अपनी बेटी संतरा देवी व नातिन शर्मिला के साथ हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया।

### 100 मीटर दौड़ में प्रथम

तीनों ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 मेडल हासिल किए हैं। रामबाई ने 100 मीटर दौड, शॉट पुट और डिस्कस थ्रो में पहला स्थान हासिल कर हरियाणा के लिए तीन स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं 64 वर्षीय संतरा देवी ने 5000 मीटर वॉक में पहला स्थान हासिल की स्वर्ण पदक ,शॉट पुट में और 1500 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक हासिल किए। वहीं उनकी नातिन शर्मिला सांगवान ने 5000 मीटर वॉक में पहला स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल, 5000 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल और 10000 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। उनकी खेल उपलब्धि पर लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 15वीं नेटबॉल फेडरेशन कप प्रतियोगिता संपन्न




**भिवानी।** विजेता टीम को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव कलिंगा स्थित श्रीबालाजी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित की गई 41वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता एवं 15वीं नेटबॉल फेडरेशन कप प्रतियोगिता का रविवार का समापन हो गया। इस दौरान खास बात यह रही कि दोनों ही प्रतियोगिताओं में हरियाणा की टीम प्रथम स्थान पर रही। विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय संचालिका रेणुका शर्मा व प्रधानाचार्या राजेश्वरी श्योराण ने बताया कि 41वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबाल प्रतियोगिता 14 से 17 दिसंबर तक आयोजित की गई। जिसके फाईनल मैच में रविवार को हरियाणा व राजस्थान तथा हिमाचल प्रदेश व पंजाब की टीम के बीच मुकाबले हुए। जिसमें प्रथम स्थान पर हरियाणा की टीम रही तो वही राजस्थान की टीम द्वितीय तथा हिमाचल प्रदेश व पंजाब की टीम तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 15वीं नेटबॉल फेडरेशन कप प्रतियोगिता का भी रविवार को समापन हुआ, जो कि 15 से 17 दिसंबर तक आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम प्रथम रही।

## नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी योग स्पर्धा लिए महक वर्मा का चयन

- चैंपियनशिप के लिए टॉप 6 लड़कियों में महक का दूसरा स्थान
- कायाकल्प योग केंद्र में योग खिलाड़ी महक का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी योग चैंपियनशिप 21 से 24 दिसंबर तक ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित की जाएगी। जिसमें कायायकल्प योग केंद्र की योग खिलाड़ी महक वर्मा का चयन यूनिवर्सिटी की टीम में हुआ है।

महक वर्मा ने ट्रायल में टॉप छह लड़कियों में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी जगह बनाई है। कायाकल्प योग केंद्र की कोच रेनू वर्मा व कविता अहलावत ने बताया कि 21 से 24 दिसंबर तक भुवनेश्वर में नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी योग चैंपियनशिप में सीबीएलयू की टीम में उनके केंद्र की योग खिलाड़ी महक वर्मा का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि नोर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी योग चैंपियनशिप में विजेता होने पर 25 से 27 तक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योग चैंपियनशिप में भी महक वर्मा अपना दमखम यूनिवर्सिटी की टीम में दिखाएगी। रेनू वर्मा व कविता अहलावत ने बताया कि पहले भी महक वर्मा नोर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी योग चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन कर चुकी हैं। इस बार भी उससे पोजिशन की उम्मीद है। वहीं केंद्र के योग खिलाड़ियों ने भी महक को शुभकामनाएं दी हैं।

## समारोह में लोगों की सहभागिता को लेकर बहल खंड में तैयारियों जोरों पर

**बहल।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अयोध्या के तत्वाधान में अयोध्या में बने श्री राम मंदिर में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में लोगों की सहभागिता को लेकर बहल खंड में तैयारियों जोरों पर है। रविवार को बहल खंड के विभिन्न मंडलों में हिंदू संगठनों व रामभक्तों की बैठकों का आयोजन हुआ। बैठक में उपस्थितजनों को समारोह का निमंत्रण हर घर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी सौंपी गई। रविवार को बहल खंड के चैहड़ कलां, हसान, मंढ़ोली कलां व बहल मंडल की बैठकों का आयोजन हुआ। बहल मंडल की बैठक कस्बे के राम मंदिर में आयोजित हुई। बैठक में राम मंदिर सेवा समिति, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। बैठक में मंडल के अधीन आने वाले गांवों की समिति गठित की गई। प्रत्येक गांव से समिति में एक ग्राम प्रमुख व दो सह प्रमुख नियुक्त किए गए। नियुक्त पदाधिकारियों से कहा गया कि वे 1 से 15 जनवरी तक हर घर में राम मंदिर का चित्रए पत्रक और निमंत्रण के लिए अक्षत पीले चावल पहुंचाना सुनिश्चित करें। वक्ताओं ने उपस्थितजनों से कहा कि जिस प्रकार 14 वर्ष के बनवास के बाद प्रभु श्री राम के आगमन पर हम दीवाली पर्व को धूमधाम से मनाते हैं तो उसी तर्ज पर 492 वर्ष बाद सही मायने में प्रभु श्री राम के अयोध्या आने पर उससे भी बढक़र कार्यक्रम को मनाया जाना है।

## मांगों को लेकर संघ की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ जिला भिवानी की बैठक जिला वरिष्ठ उप प्रधान सुनील चोपड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक का संचालन जिला सचिव संतकुमार ने किया। बैठक में संघ के पूर्व महासचिव एवं संरक्षक बलजीत सिंह दहिया व पूर्व जिला प्रधान सुरेंद्र रानीला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए बलजीत सिंह दहिया ने कहा कि सरकार ने प्रथम व द्वितीय श्रेणी की पदोन्नति में आरक्षण की जो अधिसूचना जारी की है उसके तहत अभी तक कोई पदोन्नति सूची जारी नहीं हुई है इसके लिए संघ को सरकार से बातचीत करनी चाहिए और विभाग में सभी लंबित पदोन्नति सूचियां अनुसूचित जाति वर्ग का 20: प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए तुरंत प्रभाव से जारी होनी चाहिए तथा जिन पदों की पद्दोन्नती के लिए विभाग ने आवेदन नहीं मांगे हैं उन पदों के लिए जल्द से जल्द विभाग पदोन्नति के केस मांगकर पदोन्नति सूचिया जारी करें। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह रानीला ने कहा कि हमें एकजुट होकर हमारे सभी संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्षरत रहना होगा और संगठन को मजबूत करना होगा।

## आप कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**बाढ़ड़ा।** आम आदमी पार्टी के जिला सचिव राकेश चांदवास की अगुवाई में रविवार को बाढ़ड़ा उपमंडल के गांव काकड़ौली हुकमी सहित विभिन्न गांवों में 23 दिसंबर की बदलाव यात्रा को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान आप पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। जानकारी देते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं चरखी दादरी जिला सचिव राकेश चांदवास ने बताया कि 23 दिसंबर को पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद अशोक तंवर की अगुवाई में पार्टी की बदलाव यात्रा बाढ़ड़ा पहुंचेगी। बाढ़ड़ा पहुंचने पर यात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा और इसमें काफी संख्या में लोग शामिल होंगे।

# जिंदल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

- समारोह के दौरान भिवानी .महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मवीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत





**तोशाम।** बेहतरीन प्रस्तुती देने वालों को सम्मानित करते हुए, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

रविवार को जिंदल पब्लिक स्कूल में इंद्रधनुष शीर्षक पर वार्षिक सांस्कृतिक एवं पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मवीर सिंह ने मां सरस्वती वंदना के बीच दीप प्र'वलन के साथ कार्यक्त्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों से प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से जानकारी ली। समारोह में पहुंचने पर विद्यालय ट्रस्टी देवेंद्र देव शर्मा ने मुख्य अतिथि सांसद धर्मवीर सिंह का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। समारोह के दौरान मंच संचालन विद्यालय की छात्रा गुनगुन एवं दीक्षा पिलानिया ने किया। समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्त्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

समारोह के दौरान स्कूली बच्चों ने सर्वप्रथम गणेश वंदना व स्वागत गीत से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ किए तत्पश्चात हरियाणवी गीत बगड़ में थाली बजेगी पर नृत्य की प्रस्तुति देकर हरियाणवी छटा बिखेरी। जंगल जंगल बात चली है पता चला है चड्डी पहन के फूल खिला है फूल खिला है गीत पर नन्हे.मुन्ने बच्चों ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को अपने बचपन की याद दिला दी। इस दौरान बच्चों ने राजस्थानी घूमर नृत्य की प्रस्तुति देकर राजस्थान की संस्कृति के बारे में विस्तार से बताया। वहीं स्कूली बच्चों ने गुजराती गरबा नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को गुजरात की झलक दिखाई। स्कूली छात्राओं ने पंजाबी गिद्दा पर नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया तो छात्राओं ने महाराष्ट्र के विख्यात पिंगा लावणी नृत्य की प्रस्तुति दी।

### स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुतियां

# कलश यात्रा से गीता जयती महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भगवद गीता जीवन के बारे में सच्चाई से परिचित कराता है तथा अंधविश्वास व झूठी मान्यताओं से भी मुक्ति पाने में हमारी मदद करता है। प्रत्येक जन को भगवद गीता के महत्व से रूबरू करवाने के उद्देश्य से युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में 9 दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैए जिसका आगाज सोमवार को कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा की शुरूआत हनुमान ढ़ाणी चौक स्थित संतोषी माता मंदिर से हुई तथा शहर के विभिन्न चौराहों से होते हुए हनुमान जोहड़ी धाम पर संपन्न हुई। इस दौरान अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्त्रम में मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री व विधायक घनश्याम सर्राफ ने शिरकत की। कार्यक्रम में सान्निध्य बालयोगी महंत चरणदास का रहेगा। बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने कहा कि भगवद गीता के श्लोक हमें मनुष्य के रूप में हमारे कर्तव्यों के बारे में भी बताते हैं।



**भिवानी।** कलशयात्रा निकालते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### श्रीमद् भागवत गीता दिखाती है सही रास्ता

उन्होंने कहा कि श्रीमद् भगवत गीता को पढने से हमें आत्म.नियंत्रण के महत्व और इसका अभ्यास करने के तरीके को समझने में मदद मिलती है। भगवद गीता को पढने से हमें जीवन का एक अलग नजरिया मिलता है। इस मौके पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता भगवान का गाया हुआ वह ज्ञान है, जो आज भी लोगों को सही दिशा दिखाता है। जिस तरह आज हम कई बार तमाम कारणों के चलते अपने कर्तव्यों से विमुख हो जाते है और हारकर समस्याओं से पलायन करने लगते हैंए उसी प्रकार महाभारत के युद्ध के समय निराश असमंजस की स्थिति में दिखाई देते हैं तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें जो दिव्य ज्ञान दिया वह गीता के रूप में हमारे सामने है। 9 दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के बारे मे जानकारी देते हुए महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी एवं पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार ने बताया कि दोपहर 2 बजे से सांय 5 जे तक कथाव्यास 1008 महामंडलेश्वर साहबी करूणागिरी भागवत गीता का महत्व श्रद्धालुओं को बताएंगी। इस अवसर पर पुजारी ध्यानदास, अमित गोयल, महेंद्र लोहिया, सुरेंद्र लोहिया, संजय गुप्ता, मोनिका सैनी, अंकुर गोयल, इशांत, प्रिया असीजा, सावित्री यादव, सुशील गुप्ता, नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन मंजू वर्मा, कमला सैनी, सरस्वती देवी, विजय सैन, बबलू जांगड़ा, मोनिया सैनी, राजकुमार सैनी, प्रमोद शर्मा, सीताराम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गुरु तेग बहादुर का शहीदी गुरुपर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

घंटाघर पर स्थित मुख्य गुरुद्वारा सिंह सभा एवं पुरानी देवसर चुंगी स्थित गुरूद्वारे रविवार को सिक्खों के 9वें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी गुरुपर्व बड़ी ही श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा परिसर में श्री सुखमनी साहिब पाठ के भोग डाले गए। इस उपरांत शब्द कीर्तन एवं गुरु जी का लंगर भी लगाया गया। गुरद्वारा साहिब के मुख्य ग्रंथी ने श्री गुरु तेग बहादुर की शहीदी के बारे में बताते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी सिक्खों के 9वें गुरु थे। जिन्होंने विश्व इतिहास में धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने मुगलिया सल्तनत का विरोध किया। उन्होंने मुगलों के अत्याचार और अन्याय के आमने झुकने से इनकार कर दिया। मुगलों ने गुरू तेग बहादुर को डराने के लिए उनके सामने ही भाई मतिदास जी को आरे से चीरा।

**सूचना**

मैं, धर्मबीर सिंह पुत्र श्री नौरंग निवासी जमालपुर, तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र योगेश तथा मेरी पुत्रवधु पूजा मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को दिखाई वीरता की टेली फिल्म

**भिवानी।** गुरु तेग बहादुर के त्याग और बलिदान से हर वर्ग ले प्रेरणा कि किस प्रकार से उन्होंने बहादुरी के साथ बलिदान राष्ट्र के नाम दिया। औरंगजेब जैसे अत्याचारी राजा ने दिल्ली के चांदनी चौक पर उनका सर कलम कर दिया फिर भी गुरु तेग बहादुर ने हार नहीं मानी। उपरोक्त विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय संचालिका सावित्री यादव और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय युवा पुरस्कार अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि विद्यालय में गुरु तेग बहादुर के त्याग और बलिदान को समर्पित टेली फिल्म विद्यार्थियों को दिखाई गई।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर अभियान जारी

**भिवानी।** लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विश्व मानव रूहानी केन्द्र शाखा भिवानी द्वारा प्रत्येक रविवार को शाखा परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत तहत डाबर कालोनी स्थित शाखा परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 43 मरीजों के बीपीए शुगर व अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की तथा उन्हें बदलते हुए मौसम में अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने संदेश दिया।

### आज होगा पीएलसी प्रथम का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** जिला चरखी दादरी के बिरही कलां में स्थित डाइट में आज फिरकी की निगरानी और मूल्यांकन की पीएलसी प्रथम का आयोजन किया जाएगा। इस पीएलसी में दोनों जिलों के बीईओए बीआरसीए बीआरपीए एबीआरसी की फेस.टू.फेस पीएलसी प्रथम आयोजित होगी। जिसमें सोमवार को सुबह दस बजे जिला चरखी दादरी व 12 बजे भिवानी जिले के सभी कर्मचारी अधिकारी भाग लेंगें। जानकारी देते हुए प्रवक्ता सुशील सांगवान ने बताया कि पहले सभी कर्मचारियों को फिरकी पर पंजीकरण करवाने पश्चात निगरानी और मूल्यांकन में अपने तीनों स्टेप पूरे करने पश्चात उनके असाइनमेंट जमा करने थे और उसके पश्चात इस पीएलसी प्रथम का आयोजन निर्धारित किया।

# किसान सम्मेलन 24 को, तैयारियों की रूपरेखा तैयार करने के लिए भाजपा ने बैठक कर बनाई रणनीति

## किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है भाजपा : शंकर धूपड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भाजपा कार्यालय में रविवार को भाजपा के सभी कोर गुरप, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चो व मंडल अध्यक्ष की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ ने की। बैठक के दौरान 24 दिसंबर को गांव सिंघानी में आयोजित होने वाले अन्नदाता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई तथा इस सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए गए। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहताश चौहान ने दी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ ने कहा कि 24 दिसंबर को गांव सिंघानी में होने वाले अन्नदाता सम्मेलन में बतौर मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी, पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद विप्लव देव एवं प्रदेश अध्यक्ष व सांसद नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे तथा सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में किसान सम्मेलन की तैयारियों की रूपरेखा तैयार करने के अलावा सम्मेलन को सफल बनाने के कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए गए है। ताकि कार्यकर्ता प्रत्येक किसान तक सम्मेलन की जानकारी पहुंचा सकें तथा किसान सम्मेलन में पहुंचकर सरकार की किसान हितैषी सोच से अवगत हो सकें। धूपड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है तथा समय-समय पर ऐसी योजनाएं क्रियान्वित करते रहते है, जो किसान हितैषी हो। यही नहीं भाजपा द्वारा समय-समय पर कृषि मेले भी आयोजित कर किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाती है।

### 24 दिसंबर को गांव सिंघानी में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम



भिवानी। आयोजित मीटिंग में उपस्थित पदाधिकारी व कृषिमंत्री जेपी दलाल।

प्रदेश प्रभारी मनीष मित्तल ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य ना सिर्फ योजनाओं को लागू करना है, बल्कि उन योजनाओं का लाभ प्रत्येक जन तक पहुंचे, यह भी सुनिश्चित करना है। इसीलिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। उन्होंने बताया कि किसान सम्मेलन भी उन्ही कार्यक्रमों की एक कड़ी है। इस अवसर पर जिला प्रभारी मनीष मित्तल, ठाकुर विक्रम सिंह, महामंत्री हर्षवर्धन मान, शिवकुमार पाराशर, शशी परमार, संदीप श्योराण, डीएम मनोहर, नंदराम धानिया, राजबाला श्योराण, रमेश लालावास, कुलदीप पायल, सुंदरपाल तंवर, सुनील तलेजा, आरती इंदौरिया, नीरज अग्रवाल, प्रिया असीजा, राजेश धनखड़, विजय शेखावत, कमलेश भोडूका, नविता तंवर, शकुंतला प्रधान, प्रदीप तंवर, मोंटी सारसर, राजपाल कड़वासरा, कंवर सिंह, प्रदीप कैरू, विशंबर अरोड़ा, बाबूलाल स्वामी, विनोद चावला, विनोद स्वामी, रामेहर लोहान विस्तारक, साहिल विस्तारक, वजीर, राजकुमार, अशोक खलेरा, अंकुर अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक सरफि और डीएमसी ने किया स्टालों का अवलोकन

# प्रत्येक जरूरतमंद तक योजनाओं का पहुंचना चाहिए लाभ: विधायक

### विधायक सर्राफ ने नागरिकों को दिलाई विकसित भारत संकल्प शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र का संकल्प है कि जब 2047 में देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे हों, तब हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित हो जाए। इसी उद्देश्य को लेकर गांवों और शहरों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में आ रही एलईडी वैन प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की संदेश वाहक है।

उन्होंने कहा कि हमें देश को विकसित बनाने में अपना योगदान देना है। विधायक सर्राफ रविवार को हुड्डा पार्क के सामने आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विधायक सर्राफ ने यहां पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने यहां पर मौजूद नागरिकों को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम स्थल पर एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया, जहां पर विधायक सर्राफ सहित अनेक पार्टी पदाधिकारियों व आमजन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कट आऊट के साथ सेल्फी करवाई। उन्होंने कहा कि अपनी समृद्ध विरासत पर गर्व करना है और भारत की एकता को सुदृढ़ करना और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करना है। हमें नागरिक होने का कर्तव्य निभाना है। विधायक सर्राफ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ठाना है कि प्रत्येक पात्र और जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान डीएमसी जयेंद्र छिल्लर ने भी यहां पर लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान तुरंत प्रभाव से करें।


भिवानी। भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए।


### कचरा निस्तारण की जानकारी दी

इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को घरों में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग कर निस्तारण करने के बारे में जागरूक किया गया। एक सुझाव पेटी भी रखी गई ताकि नागरिक योजनाओं के क्रियान्वयन में अपना सुझाव दें सकें, नागरिकों के सुझाव को सरकार के पास भेजा जाएगा। कार्यक्रम में संजय कामरा ने नागरिकों को आधार अपडेशन के बारे में जागरूक किया और बताया बताया गया कि अपडेशन की तारीख 14 मार्च तक बढ़ा दी गई है। कार्यक्रम के दौरान एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के संदेश को सुनाया गया, जिसको नागरिकों ने बड़े गौर से देखा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह बनाने के बारे में जानकारी हासिल की। शहरी आजीविका मिशन से ज्योति पांचाल ने महिलाओं को महिला समूह व पीएम स्वधिनि योजना की जानकारी दी।



### युवा पीढी का संस्कारवान होना जरूरी : धर्मबीर

**तोशाम।** सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए संसाधनों की पूर्ति के साथ.साथ युवा पीढी का संस्कारवान होना भी जरूरी है। प्रत्येक नागरिक देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करे। कर्तव्य किसी भी व्यक्ति के लिए नैतिक या वैधानिक जिम्मेदारी है, जिसका पालन सभी को अपने देश व समाज के लिए करना चाहिए। उन्होंने लोगों का आहवान किया कि अच्छे कार्य करने वालों से ईर्ष्या नहीं बल्कि उससे बेहतर करने का प्रयास करें। सांसद धर्मबीर सिंह रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तोशाम पहुंचने पर बनवारीलाल जिंदल सूईवाला महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टाल का अवलोकन किया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। सांसद ने आमजन की समस्याएं भी सुनी और उनका मौके पर ही निदान करवाया। इस मौके पर सांसद ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए लोगों को संकल्प भी दिलाया। सांसद ने शपथ में शामिल प्रत्येक शब्द का अर्थ समझाते हुए उसे अपने जीवन मे ढालने की अपील की।



### बार एसो. के संयुक्त सचिव को किया सम्मानित

**भिवानी।** जिला बार एसोसिएशन के नवनियुक्त संयुक्त सचिव अधिवक्ता राकेश पंवार का रविवार को वार्ड नंबर.19 में काठपालिया कॉलोनी में स्थित मा. रमेश वर्मा भानगढ़ के निवास स्थान पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनियुक्त संयुक्त सचिव अधिवक्ता राकेश पंवार को फूल.मालाएं एवं पटका पहनाकर एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता प्रधान लाला पहलवान ने की। यह जानकारी रोहताश वर्मा ने दी। इस मौके पर रमेश वर्मा भानगढ़ ने कहा कि अधिवक्ता राकेश पंवार ने बार एसोसिएशन के चुनाव में जीत हासिल कर लाइन पार क्षेत्र का नाम रोशन किया है, जिससे क्षेत्रवासियों को बहुत खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता राकेश पंवार एक होनहार एवं प्रतिभाशाली युवा है, जो कि समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़.चढकर कार्य करते है। उनके नेतृत्व में एमसी कालोनी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन क्षेत्र में विकास कार्य, भाइचारा एवं क्षेत्र कि सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए काम कर रही है,। इस मौके पर अधिवक्ता राकेश पंवार ने कहा कि क्षेत्रवासियों द्वारा मिला सम्मान उन्हे हमेशा दूसरों की मदद के लिए प्रेरणा देता रहेगा।



### कृषि मंत्री ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली

**लोहारू।** प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने रविवार को लोहारू स्थित कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ली और कहा कि पूर्व पीएम चौ चरण सिंह के जन्म दिवस पर 24 दिसंबर को गांव सिंघानी में आयोजित होने वाला किसान दिवस ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल मुख्यअतिथि और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी तथा प्रदेश प्रभारी विप्लव देव सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता इस किसान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि दक्षिण हरियाणा का इलाका खजूर की खेती के योग्य है। लोहारू के किसानों को खजूर की पौध सब्सिडी पर उपलब्ध करवाई जाएंगी। उनका प्रयास है कि गिगनाऊ सेंटर में टीशू कल्चर पर आधारित खजूर की पौध भी यहीं तैयार होंए इस पर काम चल रहा है। खजूर का पेड़ 100 वर्ष तक फल देता है। लोहारू जैसी मरू भूमि में खजूर की खेती का सपना पूरा करना मेरा अगला प्रयास है।

### बेटी के जन्मदिन पर शिविर में 69 लोगों ने किया रक्तदान, रमेश कौशिक ने की कार्य की सराहना



**लोहारू।** समाज सेवी रमेश कौशिक ने कहा कि बेटियां सभी की सांझी हैं और बेटियों के जन्म से घर की रौनक दोगुनी जो जाती है। बेटियों के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन सबसे उत्कृष्ट कार्य है और रक्तदान करने वाले को सबसे बड़ा पुण्य प्राप्त होता है। रमेश कौशिक पुराना शहर में बेटी विजेता के जन्म दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। शिविर में 69 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। डॉ. दीप्ति रंजन एम्स बाढसा की टीम ने रक्तदान शिविर में अपनी सेवाएं दी। समाजसेवी रमेश कौशिक ने कहा कि नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## सर्दी के मौसम को देखते हुए गर्म वस्त्र किए वितरित

- जरूरतमंदों की सेवा करना पुण्य का कार्य :संभ्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सर्दी के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन को जरूरमंदों के लिए विशेष प्रबंध करना चाहिएए ताकि जरूरतमंद लोग मौसम की चपेट में आने से बच सकें। यह बात पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से डाक विभाग भिवानी के उप अधीक्षक देवेंद्र रंगा ने स्थानीय सेवा नगर में जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र वितरित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम को देखते हुए पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदों की सेवा का अभियान सराहनीय है। इस मौके पर पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने कहा कि ठंड के बढने से बहुत से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को होती है जो आर्थिक रूप से कमजोर है। इसीलिए ट्रस्ट द्वरा जरूरमंदों की मदद करने की मुहिम के साथ जरूरतमंदों में गर्म वस्त्र वितरण का अभियान चलाया है।



# वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

- राव बहादुर सिंह ने दिया फाऊंडेशन डे कार्यक्रम का न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बाढ़डा हल्के के दर्जनों गांवों में पहुंचकर समस्त ग्रामवासियों को यदुवंशी शिक्षा निकेतन के फाउंडेशन डे पर आयोजित होने वाले भव्य समारोह के लिए निमंत्रण दिया तथा उन्हें सम्मानित भी किया। यह समारोह मकर संक्रांति के पावन पर्व 14 जनवरी को आयोजित होगा, जिसमें भिवानी.महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के लोग भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर राव के प्रति अपना स्नेह प्रदर्शित करेंगे। राव ने चनानी, रुदडोल, रामबास, गोकल, रामलवास, झोझुखुर्द, झोझूकलां, बादल ,शीशवाला, असावरी, मेरूंडा ,खेड़ीबतर, खेड़ीबुरा ,कलियाणा, मंदोली,मंदोला ,कलाली,बलाली, आदमपुर, दाढ़ीवाना , छिल्लर,दुधवा , दातोली ,चिड़िया तथा नौसवा गांवों में पहुंचकर निमंत्रण दिया तथा वहां उपस्थित जिला परिषद, पंचायत समिति के सदस्य, सरपंच वर्तमान व पूर्व वरिष्ठ नागरिक एवं सेवानिवृत सरकारी कर्मचारियों, महिलाओं सहित को सम्मानित किया। राव बहादुर सिंह के सभी गांवों में पहुंचने पर उनका पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। गणमान्य लोगों ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की सम्मान समारोह की पहल पहली बार देखने में मिली है जो अनौखी व सम्माननीय है। इस सम्मान को पाकर सभी लोग अभिभूत हैं और राव का गाजे.बाजे व ढोल.नगाड़ों से गांव पहुंचने पर स्वागत कर रहे हैं। राव ने कहा कि पहले हमारा क्षेत्र शिक्षा में पिछड़ा हुआ था लोग इसे काला पानी कहकर संबोधित करते थे ,लेकिन इस क्षेत्र में आपके सहयोग से सर्व प्रथम शिक्षा की अलख यदुवंशी ने जगाई और यह इलाका आज शिक्षा का हब बन गया है। इस अवसर पर पूनम देवी जिला पार्षद, जीवन राम, सत्यवीर झूकिया, टिल्लू सरपंच, बबीता भारती,थान सिंह, रघुनाथ सिंह, पूर्व सरपंच धर्मेन्द्र सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए।

### ऑल हरियाणा दिव्यांग अधिकार संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

**लोहारू।** ऑल हरियाणा दिव्यांग अधिकार संघर्ष समिति हल्का स्तरीय बैठक रविवार को लाल बहादुर शास्त्री पार्क में कपिल शर्मा और उप प्रधान नरेश खरखड़ी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंच संचालन सुभाष गिगनाउ और महिला विंग प्रधान सरोज बुडेडा ने किया। कपिल शर्मा ने कहा की केन्द्र सरकार और हरियाणा सरकार दिव्यांगो के साथ अन्याय कर रही हैं। दिव्यांगों के अधिकारो को दबा रही है। दिव्यांग समाज पिछले एक साल यानी की 1 अप्रैल 2022 से अपनी मांगों को लेकर भिवानी उपायुक्त कार्यालय के सामने धरने पर बैठा हुआ है। लेकिन सरकार उनकी मांगों को सुनने तक तैयार नही है।

## ढाणा रोड निवासी गली नं.8 व 9 में सालभर से परेशानी

# घरों तक पहुंच रहा पीने का गंदा पानी, जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ढाणा रोड़ निवासी गली नं.8 व 9 के क्षेत्रवासियों ने पीने का गंदा पानी आने पर गहरा रोष जताया। क्षेत्रवासी राज इंदोरा, महेन्द्र लडवाल, राजू चावला, संदीप चावला, मोहित चावला, कमलेश चावला, शारदा इटकान, शोकी डाबल, डा. राज, सज्जन, माला व प्रधान भगवान दास कालिया आदि ने बताया कि पिछले लभगभ एक वर्ष से पीने का गंदा पानी आ रहा है।

इसके बारे में विधायक घनश्याम सर्राफ , नगर परिषद चेयरमैन व संबंधित अधिकारियों को अनेकों बार सुचित किया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पीने के गंदे पानी की सप्लाई आने से यहां पर अनेक प्रकार की बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि वे शीघ्र से शीघ्र गंदे पानी की समस्या का समाधान करे ताकि क्षेत्र में फलने वाली महामारी के प्रकोप से बचा जा सके।

इस अवसर पर देशा नागर, रामकुमार, ओमप्रकाश, सोहना,सतीश, कोशाल्या, कमलेश डाबला, रजनी, रामल समेत अनेक क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। बाग कोठी गली नं. 4 क्षेत्र वासी रेखा शर्मा, अमित कुमार, सीमा आचार्य, उषा गोयल,निरंजन शर्मा, माया,करूणा, सुमन, ललीता,सुनील, सुशीला, अमन, जयप्रकाश, कालू आदि ने सीएम विंडो के माध्यम से मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र सौंपते हुए बताया कि उनके क्षेत्र लंबे समय से पीने का पानी गंदा आ रहा है। उसे पीना तो दूर की बात है उसकी दुर्गंध पूरे घर में फैल जाती है जिसके कारण वहां रहना भी मुश्किल हो जाता है।

उन्होंने कहा कि इसके बारे में संबंधित अधिकारियों को भी अवगत करवाया जा चुका है लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा। उन्होंने कहा पीने के गंदे पानी की सप्लाई होने से यहां के निवासियों में अनेक प्रकार की जानलेवा बीमारियों की फैलने की आशंका बनी हुई है।


भिवानी। दूषित पेयजल को लेकर नारेबाजी करते हुए।